गुर प्रसाद सब जानिअ राजा । कहिअ न आपन जानि अकाजा ।।
मख रखवारि करि दुहुं भाइ । गुरू प्रसाद सब बिद्या पाइ ।।
सहित समाज तुम्हार हमारा । घर बन गुर प्रसाद रखवारा ।।
|| मानस गुरुप्रसाद || Ram Katha 982- Harvard-Massachusetts, USA || मोरारी बापू

सांध्य दैनिक
आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

DGR Detective Group Report
सतर्क रहें-सजग रहें अभियान
www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 12 अंक : 30 | इंदौर, गुरुवार 20 अगस्त, 2026 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

# बहनों का सम्मान और आर्थिक सशक्तिकरण हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

## मैहर से मिली लाड़ली बहनों को नैहर की नेग

## बहनों को राखी से पहले मिला 1750 रु. का उपहार

- मुख्यमंत्री ने मैहर जिलेवासियों को दी 256 करोड़ के विकास कार्यों की सौगात

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**मैहर, एजेंसी।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि बहन-बेटियां हमारे घर-आंगन की रौनक हैं। बहन-बेटियों का मान-सम्मान और इनका आर्थिक सशक्तिकरण हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि रक्षाबंधन तो साल में एक बार आता है, लेकिन हमारी सरकार हर महीने बहनों से उनकी रक्षा का वादा पूरा कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में हमारी लाड़ली बहनों को हर महीने सौगात मिल रही है। उन्होंने कहा कि शारदा मां के आशीर्वाद से मैहर अद्भुत स्थान है। बुंदेलखंड की वीरता के प्रतीक आल्हा-ऊदल मां शारदा के अनन्य भक्त हैं। हमारी भारतीय संस्कृति में उदारता और रिश्तों का सम्मान करने की परम्परा है। हम भारतीय परंपरा वसुधैव कुटुम्बकम अनुसार पूरे विश्व को अपना परिवार मानते हैं। हमने आज ही मैहर से प्रदेश की सभी लाड़ली बहनों को नैहर की नेग (राज्य सरकार का उपहार) दिया गया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव बुधवार को मैहर में हुए राज्यस्तरीय लाड़ली बहना सम्मेलन कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मैहर में मां शारदा भवानी के दर्शन किए। इसके बाद इसी जिले की प्रतिभावान हॉकी खिलाड़ी सुश्री अनन्या अवधिया और सुश्री उन्नति पांडे के साथ प्रदेश की 1 करोड़ 25 लाख 13 हजार से अधिक लाड़ली बहनों के खातों में मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना की 39वीं किश्त और रक्षाबंधन के विशेष शगुन के 250 रुपए (कुल 1750 रुपए) के रूप में 2 हजार 148 करोड़ रुपए सिंगल क्लिक से बैंक खातों में



अंतरित किये। जून 2023 में मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना की शुरुआत से अगस्त 2026 तक 39 किश्तों में लाड़ली बहनों के खातों में 63 हजार 248 करोड़ रुपये की राशि अंतरित की जा चुकी है। चालू वित्त वर्ष 2026-27 में योजना के लिए 23,882.81 करोड़ रुपये का बजट प्रावधान रखा गया है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी के कार्यकाल में भारतीय सेना बहनों के मान-सम्मान की रक्षा के लिए सशक्त बनी है। रक्षाबंधन का धागा भाई-बहन के प्रेम का प्रतीक है। राज्य सरकार बहनों के सम्मान से कभी समझौता नहीं करती है। लाड़ली बहना योजना के अंतर्गत हर माह बहनों का राशि भेजी जा रही है। प्रदेश की 1 करोड़ 25 लाख लाड़ली बहनों का आशीर्वाद सरकार को मिल रहा है। हर साल रक्षाबंधन से पहले बहनों को 250 रुपए का शगुन भी भेजा जा रहा है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मैहर जिले में लगभग 256 करोड़ रुपए से अधिक की लागत के 25 विकास कार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन भी किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मैहर में आयोजित अलाउद्दीन खां स्टेडियम में आयोजित राज्य स्तरीय लाड़ली बहना सम्मेलन का दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने जिले की विकास गतिविधियों और कार्यक्रमों तथा योजनाओं की उपलब्धि पर लगाई गई प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि हमारी बहनें विवाह के पूर्व माता-पिता के घर को संवारती हैं और विवाह के बाद पूरे ससुराल की जिम्मेदारी अपने ऊपर उठा लेती हैं। बहनों का यह त्याग वंदनीय है। भारतीय संस्कृति में मां-बेटियां परिवारों की धुरी हैं। माताएं अपनी चिंता नहीं कर पूरे परिवार का ख्याल रखती हैं। राज्य सरकार ने अगले 5 साल तक लाड़ली बहनों को लाड़ली बहना योजना की राशि देने का निर्णय कैबिनेट में लिया है। अगले 5 वर्ष में 1 लाख 14 हजार करोड़ रुपए से अधिक राशि बहनों को मिलेगी। लाड़ली बहना योजना की राशि परिवार की छोटी-मोटी जरूरतें पूरी हो जाती हैं। राज्य सरकार बहनों को सशक्त बनाने के लिए हर संभव कार्य कर रही है। हमारी बहनें स्व-सहायता समूहों के माध्यम से आर्थिक रूप से सशक्त हो रही हैं। रोजगार परक उद्योगों में काम करने पर बहनों को वेतन में पाँच हजार रुपए अलग से लाभ दिया जाएगा।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राज्य सरकार ने उज्जैन के महाकाल लोक के बाद प्रदेश में विभिन्न देवस्थानों के विकास का संकल्प लिया है। प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में श्रीराम वनगमन पथ, चित्रकूट में मंदाकिनी नदी की धारा को अविरल रखने और विकास कार्यों के लिए 3 हजार करोड़ के कार्य मंजूर किए गए हैं। मैहर में 9 करोड़ रुपए की लागत से मां शारदा लोक निर्माण के पहले चरण का भूमि-पूजन आज हुआ है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में नक्सलवाद के खात्मे के बाद अब नशे के खिलाफ अभियान चल रहा है। राज्य सरकार ने 19 धार्मिक स्थानों पर शराब दुकानें बंद की हैं। भावी पीढ़ियों को नशे से बचाने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है। नशे से पीढ़ियां बर्बाद हो जाती हैं। परिवार के सदस्य बच्चों को नशे से दूर रखने और उनके बेहतर भविष्य के लिए बच्चों से संवाद हमेशा बनाए रखें। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राज्य सरकार किसान कल्याण वर्ष में लगातार सिंचाई का रकबा बढ़ा रही है। विंध्य क्षेत्र को किसानों को सिंचाई के लिये बरगी नहर से पानी मिलेगा। किसानों को रात के साथ दिन में भी सिंचाई के लिए बिजली मिलेगी। किसानों की आय बढ़ाने के लिए गौपालन और पशुपालन को प्रोत्साहित किया जा रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि हमारी सरकार ने लोकसभा और विधानसभा में बहनों के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण लागू करने के लिए संकल्प पारित किया है।

### मुख्यमंत्री की प्रमुख घोषणाएं :-

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मैहर जिले में चल रहे विकास कार्यों को और भी गति देते हुए घोषणा करते हुए कहा कि -

1. मैहर जिले के बदेरा पहाड़ में 132 केवीए का सब स्टेशन बनाया जायेगा।
2. मैहर में 25 करोड़ रुपए की लागत से आधुनिक स्टेडियम बनाया जायेगा।
3. लिलजी जलाशय का 50 करोड़ रुपए की लागत से नवीनीकरण किया जाएगा।
4. मैहर में एक बड़ा सर्व सुविधायुक्त अस्पताल बनाया जाएगा।
5. मैहर में 5000 गौवंश क्षमता की बड़ी गौशाला बनेगी।
6. घुनवारा में आईटीआई संस्थान बनेगा, स्कूल का उन्नयन किया जाएगा।
7. लाड़ली बहना सम्मेलन में आईं आल्हा गायकों की सभी समितियों को 25-25 हजार रुपए का नगद पुरस्कार दिया जाएगा।

# प्रदेश के चार IAS अधिकारियों के तबादले

- भारती जाटव ओगरे को उच्च शिक्षा विभाग की जिम्मेदारी



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** प्रदेश सरकार ने प्रशासनिक स्तर पर फेरबदल करते हुए चार आईएएस अधिकारियों को नई जिम्मेदारियां सौंपी हैं। सामान्य प्रशासन विभाग की ओर से बुधवार को जारी आदेश के अनुसार, गृह, उच्च शिक्षा, पर्यटन और नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा विभाग में अधिकारियों की नई पदस्थापना की गई है। सरकार की ओर से जारी आदेश के मुताबिक सभी अधिकारियों को अस्थायी रूप से नए पदों पर नियुक्त किया गया है। आदेश के अनुसार 2012 बैच की आईएएस अधिकारी भारती जाटव ओगरे को खनिज संसाधन विभाग से हटाकर उच्च शिक्षा विभाग में अपर सचिव बनाया गया है। उनकी पदस्थापना में यह बदलाव पूर्व में जारी आदेश में संशोधन के बाद किया गया है।

2013 बैच की आईएएस अधिकारी मनीषा सेतिया को गृह विभाग से स्थानांतरित कर पर्यटन विभाग में अपर सचिव नियुक्त किया गया है। अब वे प्रदेश के पर्यटन से जुड़े प्रशासनिक कार्यों की जिम्मेदारी संभालेंगी। वहीं, 2016 बैच की अधिकारी शुचिस्मिता सक्सेना को लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग से स्थानांतरित कर गृह विभाग में उप सचिव बनाया गया है। 2017 बैच के आईएएस अधिकारी विवेक कुमार को नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा विभाग में उप सचिव नियुक्त किया गया है। यह उनकी पहली प्रशासनिक पदस्थापना है।

## राम मंदिर चंदा चोरी

# फेस रीडिंग से हाजिरी, यहां लगे कैमरे, देरी और गायब रहने...; एंट्री से निकास तक बदले नियम



**अयोध्या, (एजेंसी)** राम मंदिर और उससे जुड़े परिसरों में तैनात कर्मचारियों की निगरानी अब और सख्त कर दी गई है। कर्मचारियों की उपस्थिति से लेकर ड्यूटी तक पर नजर रखी जा रही है। ड्यूटी पर पहुंचने के दौरान कैमरे के जरिये फेस रीडिंग कराई जा रही है। ड्यूटी पूरी करने के बाद बाहर निकलते समय भी फेस रीडिंग की प्रक्रिया से गुजरना पड़ रहा है। इसके साथ ही रजिस्टर में कर्मचारियों के आने और जाने का समय भी दर्ज किया जा रहा है।

राम मंदिर परिसर के अलावा रामघाट कार्यशाला, तीर्थ यात्री सेवा केंद्र, तीर्थ यात्री सुविधा केंद्र और रामनिवास में भी कैमरे लगाए गए हैं। इनके जरिये कर्मचारियों की उपस्थिति और गतिविधियों की निगरानी की जा रही है। ड्यूटी से गायब रहने या लगातार देरी से पहुंचने वाले कर्मचारियों पर भी सख्ती की जा रही है। ऐसे कर्मचारियों को कारण बताओ नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण मांगा जा रहा है। जवाब संतोषजनक नहीं मिलने पर कार्रवाई की जा रही है। फेस रीडिंग और रजिस्टर में दर्ज समय के आधार पर कर्मचारियों की उपस्थिति का रिकॉर्ड तैयार किया जा रहा है।

### 1,000 कर्मी कर रहे सेवा

राम मंदिर परिसर में विभिन्न व्यवस्थाओं में करीब 1,000 कर्मचारी सेवाएं दे रहे हैं। इनमें श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की ओर से करीब 300 कर्मचारी लगाए गए हैं। ये कर्मचारी तीर्थ यात्री सुविधा केंद्र से लेकर तीर्थ क्षेत्र पुरम, यात्री निवास आदि में सेवा दे रहे हैं।

# श्री खजराना गणेश मंदिर में 10 दिवसीय उत्सव 14 सितम्बर से

## उत्सव की तैयारियों को दिया गया अंतिम रूप

- उत्सव के तहत प्रतिदिन होंगे धार्मिक-सांस्कृतिक कार्यक्रम, लगेगा सवा लाख मोदक का भोग, धार्मिक थीम पर सजेगा मंदिर परिसर
- सुगम दर्शन, सुरक्षा और यातायात व्यवस्थाओं पर रहेगा विशेष ध्यान



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** खजराना गणेश मंदिर में आगामी 14 सितम्बर से 10 दिवसीय गणेश उत्सव का आयोजन किया जाएगा। इस गणेश उत्सव आयोजन को लेकर तैयारियां तेज हो गई हैं। कलेक्टर श्री शिवम वर्मा ने आज मंदिर पहुंचकर 10 दिवसीय गणेश उत्सव की तैयारियों, निर्माण एवं विकास कार्यों तथा श्रद्धालुओं की सुविधा से जुड़ी व्यवस्थाओं की विस्तृत समीक्षा की। बैठक में दर्शन व्यवस्था, सुरक्षा, यातायात, पार्किंग, स्वच्छता, विद्युत एवं पुष्प सजावट, प्रसाद वितरण, धार्मिक-सांस्कृतिक कार्यक्रम और भगवान श्री गणेश के विशेष श्रृंगार सहित विभिन्न व्यवस्थाओं की कार्ययोजना पर चर्चा कर उन्हें अंतिम रूप दिया।

इस अवसर पर आयोजित बैठक में नगर निगम आयुक्त श्री क्षितिज सिंघल, इंदौर विकास प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. परीक्षित झाड़े सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे। बैठक में कलेक्टर श्री वर्मा ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि यह सुनिश्चित किया जाए कि गणेश उत्सव के दौरान बड़ी संख्या में आने वाले श्रद्धालुओं को सुगम और व्यवस्थित दर्शन की सुविधा मिले तथा किसी भी स्तर पर अव्यवस्था की स्थिति निर्मित नहीं हो। उन्होंने मंदिर में चल रहे निर्माण एवं विकास कार्यों को निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण गुणवत्ता के साथ पूरा करने के निर्देश दिए, ताकि उत्सव के दौरान श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

**सिद्धि विनायक अस्पताल से प्रवेश, कालका माता गेट से निकासी-** श्रद्धालुओं की भीड़ को व्यवस्थित करने के लिए एकांगी मार्ग व्यवस्था प्रस्तावित की गई है। श्रद्धालुओं को सिद्धि विनायक अस्पताल से गणेशपुरी मार्ग होते हुए मंदिर परिसर में प्रवेश कराया जाएगा। मंदिर के अंदर झिग-झैग एवं स्टेपिंग व्यवस्था से श्रद्धालु भगवान श्री गणेश के दर्शन करेंगे तथा कालका माता मंदिर गेट से निकासी कर खजराना चौराहे की ओर भेजा जाएगा। आवश्यकता के अनुसार अतिरिक्त झिग-झैग, बैरिकेडिंग तथा दिशा-निर्देशक बोर्ड लगाए जाएंगे। पुलिस एवं यातायात विभाग द्वारा मंदिर पहुंचने और निकासी मार्ग पर विशेष व्यवस्था की जाएगी। श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए अतिरिक्त सुरक्षा बल की तैनाती तथा आवश्यकतानुसार रिजर्व पुलिस बल का सहयोग लिया जाएगा।

**धार्मिक थीम पर होगी भव्य विद्युत एवं पुष्प सजावट-** गणेश उत्सव के दौरान खजराना गणेश मंदिर परिसर को धार्मिक थीम पर आकर्षक रूप से सजाया जाएगा। मंदिर परिसर, प्रमुख मार्गों, पार्किंग, भवनों एवं मंदिर शिखरों पर विशेष विद्युत सजावट की जाएगी। खजराना चौराहा, रिंग रोड से कालका माता मंदिर गेट होते हुए मंदिर निकासी मार्ग से सिद्धि विनायक अस्पताल तक भी विद्युत सजावट प्रस्तावित है। मुख्य मंदिर प्रांगण, भगवान श्री गणेश के गर्भगृह, सभा मंडप एवं मूषक स्थल की फूलों से विशेष सजावट की जाएगी। वीआईपी पार्किंग से शनि पट्टी तक आकर्षक कॉरिडोर तथा सेल्फी प्वाइंट भी बनाया जाएगा। भक्तों के स्वागत के लिए अस्थायी स्वागत द्वार भी तैयार किए जाएंगे।

**स्वर्ण आभूषणों से होगा भगवान श्री गणेश का विशेष श्रृंगार-** गणेश उत्सव के दौरान भगवान श्री गणेश का स्वर्ण आभूषणों से विशेष श्रृंगार किया जाएगा। इसके लिए जिला कोषालय से स्वर्ण आभूषण प्राप्त करने और वापस जमा कराने की व्यवस्था अधिकृत अधिकारियों के माध्यम से की जाएगी। स्वर्ण आभूषणों की सुरक्षा के लिए विशेष पुलिस बल एवं रिजर्व पुलिस बल की तैनाती रहेगी। उत्सव के दौरान ध्वजा पूजन की व्यवस्था भी की जाएगी। परंपरा के अनुसार प्रातः 10 बजे ध्वजा पूजन प्रस्तावित है। मंदिर के पुजारी एवं पुरोहितों द्वारा अथर्वशीर्ष का निरंतर पाठ किया जाएगा।

**सवा लाख मोदक का लगेगा भोग-** गणेश उत्सव में प्रतिवर्ष की परंपरा के अनुसार भगवान श्री गणेश को सवा लाख मोदक का भोग लगाया जाएगा। यह जनसहयोग से किया जाएगा। भक्तों को मोदक प्रसाद वितरण के लिए विशेष व्यवस्था की जाएगी। उत्सव के दौरान अन्नक्षेत्र में दानदाताओं के सहयोग से विशेष भोजन व्यवस्था भी संचालित की जाएगी। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए पेयजल, स्वच्छता और अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं को भी मजबूत किया जाएगा। मंदिर परिसर में अतिरिक्त सफाईकर्मियों की तैनाती तथा डस्टबिन की संख्या बढ़ाई जाएगी। मंदिर परिसर में जीरो वेस्ट योजना पर कार्य किया जाएगा।

**धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ होगा गणेश रथ का नगर भ्रमण-** दस दिवसीय उत्सव के दौरान मंदिर प्रबंधन एवं दानदाताओं के सहयोग से धार्मिक, सांस्कृतिक एवं निःशुल्क कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इनमें धार्मिक नाट्य मंचन, भजन एवं अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रम शामिल होंगे। खजराना गणेश भगवान के नगर भ्रमण के लिए आकर्षक रथ तैयार किया जाएगा। चल समारोह में शामिल होने वाली झांकी की थीम का चयन किया जा रहा है। चल समारोह में बैंड एवं अखाड़ों की सहभागिता भी रहेगी। झांकी को चल समारोह के बाद तीन दिनों तक मंदिर परिसर में दर्शनार्थ रखा जाएगा।

**आगामी 11 से 20 अक्टूबर तक नवदुर्गा उत्सव-** बैठक में 11 अक्टूबर से 20 अक्टूबर 2026 तक प्रस्तावित नवदुर्गा उत्सव की तैयारियों पर भी चर्चा की गई। इस दौरान मां दुर्गा की पूजा-अर्चना, दैनिक आरती, नवग्रह पूजन, षोडश मातृका पूजन सहित विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान विधि-विधान से संपन्न होंगे। माता की आराधना एवं गरबा सहित धार्मिक-सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे। कलेक्टर श्री वर्मा ने सभी संबंधित विभागों को आपसी समन्वय से कार्य करते हुए समय पूर्व सभी तैयारियां पूर्ण करने तथा उत्सव के दौरान श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने के निर्देश दिए।

# अब तक करीब 18 इंच बारिश

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** शहर में बुधवार को सुबह से मौसम का मिजाज बदला हुआ नजर आया। आसमान में घने काले बादल छाए थे और शहर के अलग-अलग क्षेत्रों में कहीं हल्की बूंदाबांदी तो कहीं रुक-रुककर रिमझिम फुहारें गिरीं। हालांकि, दोपहर होते होते फिर से तेज धूप निकल आई। अगस्त महीने के 18 दिन बीत जाने के बाद भी इंदौर में इस माह अब तक केवल लगभग 2 इंच बारिश दर्ज की गई है। इसके चलते मानसून की सुस्त रफ्तार को लेकर चिंताएं बढ़ने लगी हैं।इस मानसूनी सीजन में इंदौर में अब तक कुल मिलाकर करीब 18 इंच बारिश दर्ज की गई है। सामान्य तौर पर शहर में पूरे मानसूनी सीजन के दौरान लगभग 38 इंच बारिश दर्ज होती है, जबकि इस बार जल आपूर्ति और मौसमी संतुलन के लिए कम से कम 40 इंच पानी की जरूरत आंकी गई है। इस स्थिति में मानसून के शेष बचे 42 दिनों के भीतर शहर को 20 इंच से अधिक बारिश की आवश्यकता पड़ेगी। अगस्त के महीने में मौसम की स्थिति ऐसी बनी हुई है कि आकाश में बादलों की आवाजाही लगातार बनी हुई है, परंतु तेज बारिश के लिए आवश्यक मौसमी सिस्टम निर्मित नहीं हो पा रहा है। बीते 1 सप्ताह से शहरवासी केवल बूंदाबांदी और हल्की फुहारों का सामना कर रहे हैं। 18 अगस्त को दिनभर मौसम पूरी तरह साफ रहा, जबकि 19 अगस्त की सुबह से एक बार फिर घने बादल छा गए। इंदौर के आसपास स्थित विभिन्न जिलों में अच्छी बारिश दर्ज की गई है, परंतु इंदौर शहर में बादल बरसने के बजाय केवल बूंदाबांदी तक सिमटकर रह जाते हैं। इसका सीधा प्रभाव कुल मानसूनी आंकड़ों पर पड़ रहा है।

# IDSP टीम को राज्य स्तर पर सम्मान

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** संक्रामक बीमारियों के अलर्ट पर समय रहते कार्रवाई और आउटब्रेक को नियंत्रित करने में अहम भूमिका निभाने वाली जिला इंटीग्रेटेड डिसीज सर्विलांस प्रोग्राम (IDSP) टीम को राज्य स्तर पर सम्मान मिला है। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर भोपाल में आयोजित राज्य स्तरीय समारोह में वर्ष 2025-26 के उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए एपिडिमियोलॉजिस्ट डॉ. अंशुल मिश्रा और डिस्ट्रिक्ट डाटा मैनेजर सुश्री शारदा राय त्रिपाठी को मिशन संचालक डॉ. सलोनी सिडाना ने सम्मानित किया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. माधव प्रसाद हासानी ने बताया कि वर्ष 2025-26 में जिला IDSP



शाखा को संक्रामक बीमारियों से जुड़े 31 अलर्ट मिले थे। जांच के बाद इनमें से 18 मामलों में आउटब्रेक की पुष्टि हुई। टीम ने इन सभी मामलों में तत्काल निगरानी, बीमारी की पहचान, आवश्यक नियंत्रण उपाय और फॉलोअप किया। IDSP टीम ने भागीरथपुरा में दूषित पानी से जुड़े आउटब्रेक के दौरान भी स्थिति पर लगातार नजर रखी और आवश्यक कार्रवाई की। टीम ने बीमारी के संभावित फैलाव की निगरानी के साथ प्रभावित क्षेत्र में फॉलोअप किया। विभिन्न डिजिटल पोर्टल से मिलने वाले डेटा और बीमारी के ट्रेंड का विश्लेषण कर संक्रमण की स्थिति पर नजर रखी गई। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार, टीम का काम केवल आउटब्रेक की पहचान तक सीमित नहीं रहा। प्रभावित क्षेत्रों में बचाव के उपायों के साथ लोगों को स्वास्थ्य संबंधी जरूरी परामर्श भी दिया गया। समय पर अलर्ट मिलने और उसके आधार पर त्वरित कार्रवाई से स्वास्थ्य सेवाएं प्रभावित लोगों तक पहुंचाने में मदद मिली।

# दिल्ली से इंदौर घूमने आई एनआरआई महिला से छेड़छाड़

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** एमजी रोड इलाके में एनआरआई महिला के साथ छेड़छाड़ की घटना सामने आई है। महिला एक दिन पहले दिल्ली से घूमने इंदौर आई थी। पुलिस ने शिकायत के बाद मामले में एफआईआर दर्ज की। आरोपी को मंगलवार शाम जेल भेज दिया गया। एसआई सचिन त्रिपाठी के मुताबिक, घटना 35 वर्षीय महिला के साथ हुई, जो दिल्ली में रहती है। महिला मूल रूप से जर्मनी की रहने वाली है। एक दिन पहले वह अपने साथी के साथ गांधी हॉल घूमने आई थी। इस दौरान वहां मौजूद चौकीदार दीपक निवासी सीहोर ने महिला और उसके साथी को देखकर कमेंट किए और अश्लील हरकत की। महिला के विरोध करने पर वहां भीड़ इकट्ठा हो गई। हालांकि, महिला मामले में शिकायत नहीं करना चाहती थी। इसके बाद पुलिस ने आरोपी दीपक के खिलाफ सख्त कार्रवाई को लेकर पीड़िता से बात की। महिला ने दीपक के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई। पुलिस ने उसे मंगलवार को हिरासत में लिया और शाम को जेल भेज दिया। महिला ने पुलिस को बताया कि वह दिल्ली की एक जर्मन कंपनी में डेवलपर के तौर पर काम करती है। घटना के समय वह फोटो शूट कर रही थी। आरोपी अचानक उसके पीछे आ गया और अश्लील हरकत करने लगा। विदेशी महिला ने उसका विरोध किया।

# स्वाइन फ्लू से महिला की मौत

## इन्फ्लुएंजा-A और H1N1 वायरस मिला, स्वास्थ्य विभाग ने परिवार की स्क्रीनिंग नहीं कराई

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। मध्य प्रदेश के इंदौर में बुधवार शाम स्वाइन फ्लू से एक बुजुर्ग महिला की मौत हो गई। महिला का कोकिलाबेन अस्पताल में इलाज चल रहा था। मेडिकल रिपोर्ट में स्वाइन फ्लू संक्रमण की पुष्टि हुई है। महिला को कोई दूसरी बीमारी नहीं थी।**

अस्पताल के मुताबिक, मृतक की पहचान सरोज नागर (60) के रूप में हुई है। वे उज्जैन के ऋषि नगर की रहने वाली थीं। तबीयत बिगड़ने के बाद उन्हें इंदौर के अस्पताल में भर्ती कराया गया था। कई दिनों तक इलाज के बाद उनकी मौत हो गई।

स्वास्थ्य विभाग के मुताबिक, जांच रिपोर्ट में संक्रमण की पुष्टि हुई है। इसे मध्य प्रदेश में स्वाइन फ्लू से इस सीजन की पहली मौत बताया जा रहा है। मामले के बाद स्वास्थ्य विभाग संक्रमण को लेकर निगरानी और जरूरी जानकारी जुटा रहा है।

### मेडिकल रिपोर्ट में स्वाइन फ्लू की पुष्टि

परिजन के मुताबिक, सरोज नागर 31 जुलाई को बीमार हुई थीं। स्वाइन फ्लू की जांच गुजरात के अहमदाबाद स्थित लैब से कराई गई थी। 3 अगस्त को कोकिलाबेन अस्पताल के डॉक्टरों ने मेडिकल रिपोर्ट के आधार पर स्वाइन फ्लू की पुष्टि की थी। स्वाइन फ्लू की पुष्टि के बाद सरोज नागर का इलाज चल रहा था। 16 दिन चले इलाज के बाद बुधवार को दम तोड़ दिया।

### इन्फ्लुएंजा-A और 2009 H1N1 वायरस मिला

उज्जैन के अवंती सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल के मुताबिक, 60 वर्षीय सरोज नागर के नाक और गले के स्वैब सैंपल में इन्फ्लुएंजा-A और 2009 H1N1 वायरस मिला है। यानी जांच में H1N1 संक्रमण की पुष्टि हुई है।

सैंपल 30 जुलाई 2026 को लिया गया था। रिपोर्ट में इन्फ्लुएंजा-B और कोरोना वायरस (SARS-CoV-2) की भी जांच की गई। इनमें अन्य वायरस नहीं मिले हैं। सरोज नागर के पति बैंक के रिटायर्ड कर्मचारी हैं और उनके दो बेटे हैं।

### स्वास्थ्य विभाग ने परिवार की सिर्फ सूची बनाई

परिजन ने बताया- स्वास्थ्य विभाग ने परिवार की स्क्रीनिंग नहीं कराई। सिर्फ आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को भेजकर परिवार के सदस्यों की सूची तैयार कराई गई। परिवार के किसी सदस्य की जांच भी नहीं हुई और महिला के संपर्क में आए लोगों की पहचान नहीं की गई।

फिलहाल स्वास्थ्य विभाग ने कोई एडवाइजरी जारी नहीं की है। सीएमएचओ से फोन पर संपर्क करने की कोशिश की गई, लेकिन उन्होंने फोन रिसीव नहीं किया। हालांकि, खबर प्रकाशित होने के बाद देर रात तक एडवाइजरी जारी होने की संभावना है।

# MD ड्रग्स मामले में फरार आरोपी गिरफ्तार
## 9वीं पास किराए पर चलाता है ई-रिक्शा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। इंदौर में 20.84 ग्राम MD ड्रग्स की तस्करी के मामले में लंबे समय से फरार चल रहे आरोपी जुनैद उर्फ जुन्नु (27) को क्राइम ब्रांच ने गिरफ्तार किया है। आरोपी सदर बाजार थाना क्षेत्र का रहने वाला है और किराए पर ई-रिक्शा चलाता है। मंगलवार रात मुखबिर की सूचना और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर घेराबंदी कर उसे पकड़ा गया। बुधवार को क्राइम ब्रांच ने मामले का खुलासा किया।**




क्राइम ब्रांच ने पहले MD ड्रग्स के मामले में जूनी इंदौर निवासी सलमान रहमान को गिरफ्तार किया था। उसके पास से 20.84 ग्राम MD ड्रग्स और स्कूटी बरामद हुई थी। जब्त माल की कीमत 2 लाख 80 हजार रुपए बताई गई थी। सलमान से पूछताछ के दौरान जुनैद का नाम सामने आया था। मामले में उसकी संलिप्तता सामने आने के बाद से क्राइम ब्रांच उसकी तलाश कर रही थी। एडिशनल डीसीपी राजेश दंडोतिया ने बताया कि जुनैद की काफी समय से तलाश की जा रही थी। मंगलवार को मुखबिर से मिली सूचना और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर उसकी जानकारी मिली, जिसके बाद टीम ने घेराबंदी कर उसे गिरफ्तार कर लिया। जुनैद 9वीं कक्षा तक पढ़ा है और किराए पर ई-रिक्शा चलाता है। उसके खिलाफ अलग-अलग थानों में पहले से 16 आपराधिक मामले दर्ज हैं।

# लहराती हुई कार डिवाइडर से टकराई

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। देर रात तेज रफ्तार के कारण हादसे ज्यादा हो रहे हैं। मंगलवार को सुपर कॉरिडोर पर टीसीएस चौराहा से आगे एक काले रंग की कार लहराती हुई आई और डिवाइडर से टकराकर पलटते-पलटते बची। कार में पांच लोग सवार थे। उनमें से दो लोगों को चोटें आईं।**

कार में सवार दूसरे साथी उन्हें निकट के अस्पताल ले गए। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि कार की रफ्तार काफी तेज थी। डिवाइडर के जिस हिस्से से कार टकराई, उसका कंक्रीट उखड़ गया। कार के बाईं तरफ का हिस्सा टूट गया और टायर भी फूट गया था। जब यह कार टकराई, तब सड़क पर दूसरे वाहन भी थे, लेकिन यह अच्छा हुआ कि दुर्घटनाग्रस्त कार उनसे नहीं टकराई। हादसे के बाद कार सड़क पर ही बीच रास्ते में खड़ी रही। इससे यातायात बाधित होता रहा। दूसरे वाहन चालकों ने पुलिस कंट्रोल रूम को सूचना दी। मौके पर पहुंचे पुलिस जवानों ने घटनास्थल के समीप की कंपनी के सुरक्षाकर्मियों से घायलों के बारे में पूछा तो उन्होंने बताया कि दूसरे साथी घायलों को इलाज के लिए अस्पताल ले गए हैं। इसके बाद पुलिस जवान घायलों की जानकारी लेने अस्पताल पहुंचे। इस बीच क्रेन की मदद से क्षतिग्रस्त कार को सड़क से एक तरफ हटाया गया। हादसे के समय सड़क पर सफाईकर्मियों की टीम काम कर रही थी। उन्होंने बताया कि घायलों को निकालने में उन्होंने मदद की, क्योंकि कार के गेट नहीं खुल रहे थे। कार में सवार तीन साथियों को ज्यादा चोट नहीं आई थी। उन्होंने घायलों को निकालकर अस्पताल पहुंचाया।

# जू में 14D थिएटर, पहले दिन सभी शो हाउसफुल

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। कमला नेहरू प्राणी संग्रहालय में शुरू हुआ 14D थिएटर मंगलवार से आम लोगों के लिए खोल दिया गया। पहले ही दिन थिएटर के लगभग सभी शो हाउसफुल रहे। परिवार और बच्चों के साथ बड़ी संख्या में लोग यहां पहुंचे और मूविंग सीट्स, विजुअल इफेक्ट्स और अलग-अलग राइडिंग इफेक्ट्स के साथ फिल्म देखने का अनुभव लिया।**



पहले दिन थिएटर में महिलाओं और बच्चों की संख्या ज्यादा रही। कई माता-पिता खास तौर पर बच्चों को 14D थिएटर का अनुभव कराने पहुंचे। सीटों की मूवमेंट और विजुअल इफेक्ट्स के साथ फिल्म देखने का अनुभव बच्चों को खासा पसंद आया। दर्शकों के मुताबिक रोलर कोस्टर जैसी राइड बच्चों के लिए सबसे रोमांचक रही। कुछ बच्चों ने शो के बाद अनुभव साझा करते हुए कहा कि उन्होंने पहले ऐसा थिएटर नहीं देखा। कई बच्चों के लिए सीटों का अचानक ऊपर-नीचे और आगे-पीछे होना रोमांच का मुख्य आकर्षण रहा। बच्चों के साथ पहुंचे अभिभावकों ने बताया कि 14D थिएटर सामान्य फिल्म देखने से बिल्कुल अलग अनुभव देता है। मूविंग सीट्स और अलग-अलग इफेक्ट्स के कारण फिल्म के दृश्य ज्यादा रोमांचक महसूस होते हैं। कुछ दर्शकों ने कहा कि अब यह इंदौर में घूमने की पसंदीदा जगहों में शामिल हो गई है। उन्होंने कहा कि शहर में आने वाले रिश्तेदारों को भी 14D थिएटर का अनुभव जरूर कराएंगे। कई लोगों ने इसे 'पैसा वसूल' अनुभव बताया।



# भव्य, दिव्य, अलौकिक और आपदा मुक्त सिंहस्थ के लिए तैयार हो रहा उज्जैन

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**उज्जैन, एजेंसी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में उज्जैन में सिंहस्थ 2028 के भव्य, दिव्य, अलौकिक, आकर्षक और आपदा मुक्त सिंहस्थ के आयोजन के लिए सभी तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं। आज उज्जैन को 945.20 करोड़ रुपए लागत के नवीन एलिवेटेड कॉरिडोर की सौगात मिली है। यह 5.30 किलोमीटर लंबा कॉरिडोर सिंहस्थ-2028 के दौरान श्रद्धालुओं को सहज आवागमन की बड़ी सुविधाएं प्रदान करेगा।**



उन्होंने कहा कि सिंहस्थ धार्मिक पर्यटन का सबसे बड़ा मेला होगा। बीते सोमवार को नागपंचमी पर श्रद्धालुओं के प्रबंधन के लिए जिला प्रशासन ने बेहतर इंतजाम किए थे। बेहतर प्रबंधन के लिए उज्जैन का पूरा प्रशासन बधाई का पात्र है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव बुधवार को उज्जैन की कालिदास अकादमी में आयोजित होमगार्ड, आपदा मित्र और सिविल डिफेंस वॉलेंटियर्स के प्रशिक्षण कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने दीप प्रज्वलन कर प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होंने सिंगल क्लिक से नवीन एलिवेटेड कारीडोर का भूमि-पूजन किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रशिक्षणार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि वर्ष 1980 के उज्जैन सिंहस्थ में स्काउट एंड गाइड मेंबर रहा था। सिंहस्थ 2016 के आयोजन में कई प्रकार की सावधानियां बरती गईं। रामघाट पर सुविधाएं बढ़ाई गईं, उज्जैन में बायपास निर्माण की जरूरत महसूस की गई। उज्जैन में बाबा महाकाल के महालोक का निर्माण से धार्मिक तीर्थाटन बढ़ा है, जिससे स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर बढ़े हैं। इंदौर-उज्जैन मेट्रोपोलिटन निर्माण की दिशा में सरकार आगे बढ़ी है। उज्जैन और इंदौर में मल्टी एलिवेटेड कॉरिडोर जैसे विकास कार्यों को पूरा करने में आधुनिक तकनीक को भी शामिल किया जाता है। नया कॉरिडोर महाकाल मंदिर तक जाने के लिए वैकल्पिक रोड के तौर पर भी इस्तेमाल किया जाएगा। उज्जैन में रेल और नदी पर आवश्यकतानुसार 7 ब्रिज तैयार किए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि इंदौर-उज्जैन सिक्स लेन हाइवे का काम 80 प्रतिशत पूरा कर लिया गया है। महाकाल के दर्शन के लिए आने वाले श्रद्धालुओं के लिए सभी व्यवस्थाएं करने के लिए हम तत्पर हैं। होमगार्ड के जवानों और पुलिस-प्रशासन के साथ श्रद्धालुओं के लिए बेहतर प्रबंधन किए जाएंगे। होमगार्ड, आपदा मित्र और सिविल डिफेंस वॉलेंटियर्स को लगातार प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इन पर लोगों की जान-माल की रक्षा करने की जिम्मेदारी होती है। ये सभी साथी हमारे संकट मोचक हैं, समाज के सच्चे नायक-नायिका हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सिंहस्थ 2016 के आयोजन में 7 किलोमीटर के घाट थे, आगामी सिंहस्थ में शिप्रा के 35 किलोमीटर के घाट होंगे, जहां श्रद्धालु स्नान करेंगे। उज्जैन में 300 सर्पमित्रों को भी प्रशिक्षण दिया जा रहा है। यह शोध का विषय है कि सभी ज्योतिर्लिंग के आसपास सांपों की संख्या अधिक होती है। इसलिए उज्जैन में स्नेक पार्क बनाया जा रहा है, जिसका लोकार्पण जल्द किया जाएगा।

प्रदेश स्तर पर प्रत्येक पंचायत और थाना स्तर पर एक प्रशिक्षित सर्प मित्र उपलब्ध हो। जो सांपों को आवासीय क्षेत्रों से पकड़कर जंगलों में छोड़ें। हमारा प्रयास है कि मनुष्य और सर्प दोनों सुरक्षित रहें। इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रदेशवासियों को आगामी रक्षाबंधन, बलराम जयंती, जन्माष्टमी सहित सभी तीज-त्योहारों की अग्रिम बधाई और शुभकामनाएं भी दीं।

# धार में 10-15 बदमाशों ने घर पर किया पथराव

## कार-स्कूटी समेत वाहनों में तोड़फोड़, परिवार दहशत में, पुलिस ने केस दर्ज किया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट



**धार, एजेंसी।** धार जिले के नौगांव थाना क्षेत्र की संजय कॉलोनी में मंगलवार देर रात 10 से 15 बदमाशों ने एक घर पर पथराव कर दिया। बदमाशों ने घर के बाहर खड़ी ऑल्टो कार, स्कूटी समेत अन्य वाहनों में तोड़फोड़ की। पथराव के दौरान कई पत्थर घर के अंदर भी जा गिरे, जिससे परिवार के लोग दहशत में आ गए।

नौगांव थाना पुलिस ने श्वेता पति विजय सक्सेना की शिकायत पर संजय पिता गिरधारी चौहान और केशव पिता संजय चौहान, निवासी संजय कॉलोनी के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

शिकायत के अनुसार, श्वेता का बेटा प्रियांशु सक्सेना और उनके दामाद नवनीत भटनागर कार का पंचर जुड़वाकर आरोपी संजय के घर के सामने से निकल रहे थे। इसी दौरान केशव और उसकी मां ने उनके साथ गाली-गलौज की। मामले की जानकारी मिलने पर पूर्व पार्षद शंकर चौहान ने दोनों पक्षों को बुलाकर समझाइश दी थी।

आरोप है कि इसी विवाद को लेकर देर रात संजय और केशव कुछ अन्य लोगों के साथ विजय सक्सेना के घर पहुंचे। यहां उन्होंने गाली-गलौज करने के बाद घर पर पथराव शुरू कर दिया। पथराव में घर के बाहर खड़ी ऑल्टो कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। स्कूटी और अन्य वाहनों में भी तोड़फोड़ की गई। घर के अंदर पत्थर गिरने से सामान बिखर गया और कांच टूट गए।

घटना के समय विजय सक्सेना घर पर मौजूद नहीं थे। घर में उनकी पत्नी, बच्चे और माता-पिता थे। अचानक हुए पथराव के कारण परिवार के लोगों में डर का माहौल बन गया। सुबह तक घर के अंदर और बाहर पत्थर तथा टूटे कांच के टुकड़े बिखरे मिले।

श्वेता ने घटना के दौरान हमले का वीडियो भी बनाया, जिसमें कुछ लोग गाली-गलौज करते दिखाई दे रहे हैं।

बुधवार को नौगांव थाना पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घटनास्थल का निरीक्षण किया। थाना प्रभारी राज ललन मिश्रा ने बताया कि शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर लिया गया है और आरोपियों की तलाश की जा रही है।

# ऑटो चालक के घर मिले तीन करोड़

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**सागर, एजेंसी।** शहर के गोपालगंज थाना क्षेत्र में ऑटो चालक के मकान से तीन करोड़ रुपये से अधिक की नकदी बरामदगी का मामला लगातार उलझता जा रहा है। जब्ती के दो दिन बीत जाने के बाद भी अब तक किसी आयकर या वित्तीय जांच एजेंसी की टीम सागर नहीं पहुंची है, जिससे इस हाई-प्रोफाइल मामले में सस्पेंस गहरा गया है। पुलिस ने सूचना के आधार पर ऑटो चालक सौरभ अहिरवार के घर दबिश देकर यह रकम जब्त की थी। पूछताछ में सौरभ ने दावा किया कि बरामद कैश उसका नहीं, बल्कि भोपाल में रहने वाले उसके रिश्तेदार व पीडब्ल्यूडी इंजीनियर रमेश अहिरवार का है। दूसरी ओर, भोपाल में मौजूद इंजीनियर रमेश अहिरवार ने इस दावे को सिरे से खारिज कर दिया। उन्होंने स्पष्ट किया कि इस करोड़ों की नकदी से उनका कोई लेना-देना नहीं है।

**महाकाल शाही सवारी मार्ग पर बड़ा बदलाव**

# सतीगेट को मिलेगा पुराना स्वरूप, 24 मीटर चौड़ी होगी सड़क

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**उज्जैन, एजेंसी। उज्जैन में बाबा महाकाल की शाही सवारी के लिए सतीगेट मार्ग को नया रूप दिया जा रहा है। 7 सितंबर को निकलने वाली सवारी से पहले इस मार्ग को सिंहस्थ से पूर्व तैयार करने की तैयारियां तेज हो गई हैं।**



नगर निगम कंठाल चौराहा से छत्री चौक तक सड़क चौड़ीकरण और विकास कार्यों को गति दे रहा है। इस परियोजना को जल्द पूरा करना एक बड़ी चुनौती है।

मंगलवार शाम नगर निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा ने अधिकारियों के साथ कंठाल चौराहा से छत्री चौक तक मार्ग का निरीक्षण किया। उन्होंने सतीगेट सहित विभिन्न स्थानों पर चल रहे कार्यों की जानकारी ली।

शाही सवारी के मार्ग को देखते हुए सड़क निर्माण और चौड़ीकरण के कार्यों को प्राथमिकता से पूरा करने पर जोर दिया जा रहा है।

कंठाल से छत्री चौक के बीच स्थित ऐतिहासिक सतीगेट इस विकास कार्य का महत्वपूर्ण हिस्सा है। चौड़ीकरण के दौरान इसके ऐतिहासिक स्वरूप को बनाए रखते हुए इसे मूल रूप दिया जाएगा। गेट की दीवारों की मरम्मत, धुलाई, केमिकल कोटिंग और पेंटिंग कर इसे आकर्षक बनाया जाएगा।

सतीगेट से कंठाल और सराफा की ओर जाने वाले मार्ग पर हर 25 मीटर के अंतराल पर कोबल स्टोन से सौंदर्यीकरण किया जाएगा। गेट के एक तरफ 8 फीट और दूसरी तरफ 15 फीट क्षेत्र में पेवर ब्लॉक लगाए जाएंगे। अब गेट के दोनों ओर से निकलने का रास्ता बनाया जाएगा, जबकि पहले एक तरफ अतिक्रमण के कारण रास्ता बंद था।

कंठाल चौराहे पर लगभग 500 वर्गमीटर क्षेत्र में पेवर ब्लॉक से एक नया चौराहा विकसित किया जा रहा है। इस परियोजना के तहत सबसे पुराने हनुमान मंदिर को भी स्थानांतरित किया गया है। कंठाल से सतीगेट तक नाली निर्माण, पेयजल लाइन और बिजली के पोल शिफ्टिंग का काम भी जारी है। चौड़ीकरण में बाधा बन रहे भवनों को हटाने की कार्रवाई भी चल रही है।

## अपर सचिव स्तर के चार आईएएस के तबादले

**भोपाल, एजेंसी।** राज्य सरकार ने बुधवार को चार आईएएस अधिकारियों के तबादले किए गए। इसमें भारती जाटव ओगरे को स्कूल शिक्षा विभाग से उच्च शिक्षा विभाग में अपर सचिव पदस्थ किया गया है। भारती ने जून में तबादला होने के बाद से अब तक खनिज साधन विभाग में ही काम संभाल रखा है। बुधवार को जारी आदेश में वर्ष 2012 बैच की आईएएस अधिकारी भारती जाटव ओगरे अभी खनिज साधन विभाग में अपर सचिव के पद पर पदस्थ हैं, उन्हें 17 जून को जारी आदेश में अपर सचिव खनिज साधन विभाग से स्कूल शिक्षा विभाग में अपर सचिव पद पर पदस्थ किया गया था लेकिन भारती ने अब तक जॉइन नहीं किया था। अब जीएडी ने भारती ओगरे को अपर सचिव, उच्च शिक्षा विभाग की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

# साधु-संतों के बीच छिपे थे जेबकतरे!

**सीहोर, एजेंसी।** कुबेरेश्वर धाम में श्रद्धालुओं की भीड़ के बीच पुलिस ने ऐसा जाल बिछाया कि शातिर चोरों को भनक तक नहीं लगी। कोई श्रद्धालु बनकर तो कोई भगवा कपड़ों में भीड़ में घुसा था, लेकिन सादे लिबास और भगवा वेश में तैनात पुलिस ने घेराबंदी कर अंतरराज्यीय गिरोह के छह सदस्यों को पकड़ लिया। इनमें दो नाबालिग भी शामिल हैं। पुलिस ने चोरी के मोबाइल के साथ करीब 14 लाख रुपये की कार भी जब्त की है। प्रसिद्ध धार्मिक स्थल कुबेरेश्वर धाम में श्रद्धालुओं की भीड़ के बीच मोबाइल और पर्स चोरी की लगातार मिल रही शिकायतों के बाद पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने एक अंतरराज्यीय चोर गिरोह का पर्दाफाश करते हुए छह आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनमें दो विधि-विरुद्ध बालक भी शामिल हैं।

जनसमस्याओं और प्रशासनिक अव्यवस्थाओं को उजागर करने वाले साहसी, कर्मठ साथियों की दैनिक अखबार और न्यूज़ चैनल में आवश्यकता है...जो लेखनी और भाषा का दक्ष हो।
इच्छुक व्यक्तित्व संपर्क करें -
Email-: dgrnewsnetwork@gmail.com
DGR
Detective Group Report
सतर्क रहें-सजग रहें अभियान
YouTube Detective Group Report
SUBSCRIBE
समाचार और विज्ञापन के लिए संपर्क करें
+91 9111156060

## संपादकीय

### सत्ता और संगठन का संतुलन: बीजेपी के नए फेरबदल के मायने

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन की नई टीम में कई बड़े उलटफेर किए गए हैं। पार्टी ने केंद्रीय व्यापार एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल को एक बार फिर से राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी है। 2027 के उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव और 2029 के लोकसभा चुनाव से पहले गोयल की संगठन में वापसी को अहम माना जा रहा है। वित्तीय मामलों के साथ-साथ चुनावी तैयारियों के लिहाज से भी उनकी नई भूमिका महत्वपूर्ण होगी। पीयूष गोयल के लिए यह जिम्मेदारी नई नहीं है। 2014 के लोकसभा चुनाव से पहले भी वह बीजेपी के कोषाध्यक्ष थे। उन्होंने यह जिम्मेदारी 2010 से 2014 तक संभाली थी। साथ ही उनकी पार्टी के चुनावी अभियान में महत्वपूर्ण भूमिका रही थी। उस दौरान उन्होंने सूचना, संचार और कैंपेन कमेटी की भी जिम्मेदारी संभाली थी। अब 2029 से करीब तीन साल पहले उन्हें दोबारा कोषाध्यक्ष बनाना महज संगठनात्मक नियुक्ति नहीं माना जा रहा। बीजेपी को एक ऐसे नेता की जरूरत है जो पार्टी के वित्तीय प्रबंधन के साथ-साथ बड़े चुनावी अभियानों की जरूरतों को समझता हो। गोयल चार्टर्ड अकाउंटेंट हैं और वित्तीय मामलों का लंबा अनुभव रखते हैं। बीजेपी में राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष का पद केवल पार्टी के खातों की निगरानी तक सीमित नहीं है। कोषाध्यक्ष पार्टी की वित्तीय व्यवस्था, आय-व्यय का रिकॉर्ड, चंदे से जुड़े दस्तावेज और चुनाव आयोग के समक्ष जरूरी वित्तीय रिपोर्टिंग जैसी जिम्मेदारियां संभालता है। पिछले एक दशक में बीजेपी का आर्थिक और संगठनात्मक विस्तार काफी बड़ा हुआ है। पार्टी की वित्तीय व्यवस्था अब पहले की तुलना में कहीं अधिक व्यापक है। साथ ही देशभर में चलने वाले संगठनात्मक व चुनावी अभियानों के लिए बड़े स्तर पर संसाधनों के प्रबंधन की जरूरत होती है। ऐसे में पीयूष गोयल की वापसी को अहम माना जा रहा है। बीजेपी की नई टीम में कई अनुभवी नेताओं की वापसी हुई है। स्मृति ईरानी और राम माधव जैसे नेताओं को भी महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां दी गई हैं। इसे 2027 और 2029 चुनाव के लिए संगठन को फिर से मजबूत करने की रणनीति के तौर पर देखा जा रहा है। वहीं पीयूष गोयल के पास संगठन और सरकार, दोनों स्तरों पर काम करने का लंबा अनुभव है। पिछले एक दशक से अधिक समय में उन्होंने बिजली, कोयला, रेलवे और वाणिज्य एवं उद्योग जैसे महत्वपूर्ण मंत्रालय संभाले हैं। ऐसे में पार्टी के वित्तीय तंत्र से उनकी पुरानी पहचान और वित्तीय क्षेत्र में पेशेवर अनुभव उन्हें इस भूमिका के लिए मजबूत विकल्प बनाता है। खास बात यह है कि जिस दौर में उन्होंने पहली बार कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी संभाली थी, तब बीजेपी सत्ता में वापसी की तैयारी कर रही थी। अब वह ऐसे समय में इस भूमिका में लौटे हैं जब पार्टी देश की प्रमुख राष्ट्रीय राजनीतिक ताकत है। इसके अलावा पीयूष गोयल की नियुक्ति में सबसे बड़ा संकेत चुनावी वित्त और संसाधनों के केंद्रीकृत प्रबंधन का है।

धर्म-कर्म

# क्या पुखराज और नीलम एक साथ पहन सकते हैं?

## ज्योतिषी से जानें जरूरी नियम



पुखराज गुरु का रत्न है और नीलम शनि का रत्न माना गया है। ज्योतिषशास्त्र में इन रत्नों को केवल आभूषण नहीं, बल्कि ग्रहों की स्थिति और प्रबल बनाने वाला साधन माना जाता है। ऐसे में पुखराज और नीलम को एक साथ पहनने से पहले कई नियमों का ध्यान रखना आवश्यक होता है। कभी भी किसी दूसरे के हाथ में या इंटरनेट पर इसे वीडियो में देखकर नहीं धारण करना चाहिए। ऐसा करने से प्रतिकूल प्रभाव भी देखने को मिल सकते हैं। ज्योतिष एक्सपर्ट पिनाकी मिश्रा बताते हैं कि पुखराज और नीलम को एक साथ पहनना हर किसी के लिए शुभ या अशुभ नहीं होता है। इन्हें धारण करने से पहले कुंडली में गुरु और शनि के साथ-साथ अन्य ग्रहों की स्थिति और दशा को भी देखा जाता है। तो आइए ज्योतिषी से विस्तार से जानें पुखराज और नीलम पहनने के नियम।

### पुखराज और नीलम साथ पहनना चाहिए या नहीं?

ज्योतिष एक्सपर्ट पिनाकी मिश्रा बताते हैं कि कुशल ज्योतिषी को कुंडली दिखाए बिना दोनों रत्नों को एक साथ धारण नहीं करना चाहिए। गुरु और शनि ग्रह की प्रकृति अलग होने के कारण दोनों की ऊर्जा को एक साथ लाने से पहले कुंडली में उनकी स्थिति देखना अत्यंत आवश्यक होता है। अगर किसी व्यक्ति की कुंडली में गुरु और शनि दोनों ही शुभ अथवा योगकारक स्थिति में हों व दोनों को एक साथ बल देना उचित हो, तो ऐसी स्थिति में विशेषज्ञ की सलाह लेने के बाद दोनों रत्नों को एक साथ धारण किया जा सकता है। लेकिन इनमें से कोई ग्रह अगर कुंडली में प्रतिकूल स्थिति में हो, कभी भी पुखराज और नीलम को एक साथ धारण नहीं करना चाहिए।

### पुखराज रत्न पहनने से पहले इन बातों का रखें ध्यान

ज्योतिषशास्त्र में पुखराज को गुरु का रत्न माना जाता है। जिसे शिक्षा, ज्ञान, मार्गदर्शन, विवाह, संतान, धन और आध्यात्मिक विषयों से जुड़ा ग्रह माना गया है। पुखराज धारण करने से पहले यह देखना सबसे आवश्यक है कि गुरु आपकी कुंडली में किन भावों के स्वामी हैं, किस राशि में स्थित हैं, कहां विराजमान हैं, उनका बल कैसा है और किन ग्रहों के साथ गुरु की दृष्टि या युति है। साथ ही, वर्तमान दशा-अंतर्दशा में गुरु की भूमिका भी देखी जाती है। ये सभी चीजें किसी कुशल ज्योतिषी से दिखवाने के बाद ही यह निर्धारित करना चाहिए कि पुखराज आपको धारण करना चाहिए या नहीं।

### नीलम रत्न धारण करने से पहले जानें ये बातें

यह शनिदेव का प्रमुख रत्न माना जाता है। शनि कर्म, अनुशासन, श्रम, न्याय और दीर्घकालिक उपलब्धियों का ग्रह है। नीलम धारण करने से पहले विशेषतौर पर कुछ बातों का ध्यान रखा जाता है क्योंकि, यह शनि की ऊर्जा को प्रबल करने वाला रत्न माना गया है। ऐसे में इसे धारण करने से पहले यह देखना जरूरी होता है कि शनि किन भावों का स्वामी है, किस भाव में स्थित है, उसकी राशि स्थिति कैसी है, वह शुभ या विरोधी ग्रहों से कैसे संबंधित है, कितना बलवान है और वर्तमान दशा में शनि की भूमिका क्या है।

### पुखराज किस दिन पहनना चाहिए?

यदि पुखराज धारण करना आपके लिए शुभ हो, तो ऐसी स्थिति में इसे सही दिन पर ही धारण करना चाहिए। पुखराज गुरु ग्रह से संबंधित माना गया है। ऐसे में इसे गुरुवार के दिन धारण करना शुभ माना जाता है। इस दिन स्नानादि करने के बाद मन में गुरु और इष्टदेव का स्मरण करें। फिर, शुद्ध विधि से रत्न धारण किया जाता है। पुखराज को धारण करने के लिए सामान्य तौर पर सोना धातु उत्तम मानी जाती है।

### नीलम किस दिन धारण करना चाहिए?

अगर नीलम आपके लिए शुभ हो, तो ऐसी स्थिति में इसे शनिवार के दिन धारण करना चाहिए क्योंकि, नीलम शनि ग्रह का रत्न है और शनिवार के स्वामी शनिदेव होते हैं। ऐसे में इस दिन नीलम धारण करना शुभ रहेगा। इसे चांदी या पंचधातु में डालकर पहनना अच्छा माना जाता है। शनिवार को सुबह स्नान करने के बाद मन में शनिदेव का ध्यान करें और पूजा करके नीलम विधिपूर्वक धारण करना चाहिए।

### रत्न धारण करने के जरूरी नियम

ज्योतिष एक्सपर्ट पिनाकी मिश्रा बताते हैं कि रत्न केवल इसलिए धारण नहीं करना चाहिए की उसकी स्थिति आपकी कुंडली में कमजोर है। रत्न का चुनाव हमेशा कुंडली देखकर करना चाहिए। यदि कोई ग्रह कुंडली में प्रतिकूल हो, तो उसके बल को बढ़ाना आवश्यक रूप से लाभकारी नहीं माना जा सकता है। हालांकि, अगर कोई ग्रह शुभ भूमिका में हो और उसका बल कम हो, तो उसका रत्न धारण करना लाभकारी हो सकता है। लेकिन पुखराज और विशेषकर नीलन जैसे प्रभावशाली रत्न को केवल, किसी और को या इंटरनेट पर वीडियो देखकर नहीं पहन लेना चाहिए। क्योंकि एक ही राशि के दो लोगों की कुंडली अलग-अलग हो सकती है। ऐसे में एक ही रत्न दोनों को समान फल नहीं दे सकता है।

New Delhi

# आज से 24 अगस्त तक हैवी रेन अलर्ट, हिमालय से लेकर सेंट्रल इंडिया तक... मॉनसून का दिखेगा रौद्र रूप

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** देश के कई हिस्सों में गुरुवार (20 अगस्त) को मॉनसून सक्रिय रहने वाला है. मौसम विभाग (IMD) ने उत्तर और मध्य भारत के कई राज्यों में भारी से बहुत भारी बारिश का पूर्वानुमान जताया है. छत्तीसगढ़, पूर्वी मध्य प्रदेश और पश्चिमी उत्तर प्रदेश में कुछ जगहों पर भारी से बहुत भारी बारिश हो सकती है. वहीं, पूर्वी उत्तर प्रदेश, पश्चिमी मध्य प्रदेश, उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश, जम्मू-कश्मीर, लद्दाख और पूर्वोत्तर भारत के कई हिस्सों में भी भारी बारिश की संभावना है. मौसम विभाग के मुताबिक, उत्तर झारखंड और उससे सटे दक्षिण-पश्चिम बिहार और दक्षिण-पूर्वी उत्तर प्रदेश के ऊपर बना कम दबाव का क्षेत्र बारिश का प्रमुख



कारण है. यह सिस्टम 19 अगस्त को सुबह 11:30 बजे डिप्रेशन से कमजोर होकर कम दबाव के क्षेत्र में बदल गया. इसके अगले 24 घंटों में दक्षिण-पूर्वी उत्तर प्रदेश, उत्तर छत्तीसगढ़ और उत्तर-पूर्वी मध्य प्रदेश से गुजरते हुए पश्चिम-उत्तर-पश्चिम दिशा में आगे बढ़ने का अनुमान है. इसके साथ ही मॉनसून ट्रफ फिरोजपुर, करनाल और हरदोई से होते हुए कम दबाव वाले क्षेत्र तक और फिर दीघा से पूर्वोत्तर बंगाल की खाड़ी तक फैली हुई है. इन दोनों वेदर सिस्टम के असर से उत्तर और मध्य भारत में बारिश का दौर तेज रहने की संभावना है.

उत्तर प्रदेश मौजूदा मौसम सिस्टम से प्रभावित प्रमुख राज्यों में शामिल है. पश्चिमी उत्तर प्रदेश में 20 और 22 अगस्त को अलग-अलग जगहों पर भारी से बहुत भारी बारिश हो सकती है. पूर्वी उत्तर प्रदेश में 20 अगस्त और फिर 21-22 अगस्त को भारी बारिश का अनुमान है.

Hyderabad

## प्रिंसिपल की हत्या, 27 बार कटर से गोदा: आखरी कॉल का वो एक शब्द 'बाबू' ने बेनकाब किए 10वीं के दो कातिल



**हैदराबाद, (एजेंसी)** तेलंगाना के नलगोंडा जिले में प्राइवेट स्कूल की प्रिंसिपल रूपा रेड्डी की हत्या के मामले में पुलिस ने बड़ा खुलासा किया है। घटना के एक हफ्ते बाद पुलिस ने उसी स्कूल के 10वीं क्लास के दो छात्रों को पकड़ा है। आरोप है कि चोरी के दौरान पकड़े जाने पर छात्रों ने प्रिंसिपल की हत्या कर दी। 11 अगस्त को रूपा रेड्डी अपने घर में अकेली थीं। चोरों ने उन पर चाकू से 27 बार हमला कर उनकी हत्या कर दी। आरोपी छात्र उनके घर में चोरी करने की नीयत से घुसे थे। रूपा ने जब रंगे हाथ पकड़ा तो उन्होंने इस वारदात को अंजाम दिया।

हत्या से ठीक पहले रूपा अपनी मौसी से फ़ोन पर बात कर रही थीं। कॉल कटने से ठीक पहले उन्होंने 'बाबू' शब्द कहा था। बता दें कि लोकल भाषा में 'बाबू' शब्द छात्रों या छोटे बच्चों के लिए इस्तेमाल होता है, इसलिए पुलिस का शक स्कूल के छात्रों पर गया। स्कूल के स्टाफ और संदिग्ध छात्रों से पूछताछ के बाद पुलिस दोनों आरोपियों तक पहुंचने में कामयाब रही।

शक पड़ते ही जब पुलिस ने डिटेल में जांच शुरू की और रूपा की डेली रूटीन में परिचित लोगों, जिनमें छात्र और स्कूल के कर्मचारी शामिल थे सभी से पूछताछ की। इस बीच जांचकर्ताओं ने देखा कि हत्या के बाद 10वीं क्लास के दो छात्र अचानक बहुत ज़्यादा पैसे खर्च करने लगे और दोस्तों के साथ पार्टियां करने लगे।

Karnataka

## सौतेले पिता ने किया मां पर कैंची से हमला, बेटे ने मोटरसाइकिल के शॉक ए जॉर्बर की रॉड से पीट-पीटकर मार डाला

**बेंगलुरु, (एजेंसी)** बेंगलुरु में घरेलू विवाद के बाद हत्या का एक सनसनीखेज मामला सामने आया है, जहां 23 साल के एक युवक ने अपने 53 वर्षीय सौतेले पिता की कथित तौर पर हत्या कर दी. आरोप है कि घरेलू झगड़े के दौरान उसका सौतेला पिता उसकी मां पर कैंची से हमला करने की कोशिश कर रहा था.

यह मंजर देखकर महिला का बेटा बीच-बचाव करने पहुंचा और उसने कथित तौर पर सौतेले पिता के सिर पर लकड़ी के डंडे से हमला कर दिया. इसके बाद उसने मोटरसाइकिल के शॉक एब्जॉर्बर की रॉड से भी हमला किया.

पुलिस के मुताबिक, घटना बेंगलुरु के बाहरी इलाके शिवनपुरा में मंगलवार रात हुई. मृतक की पहचान 53 वर्षीय श्रीधर के तौर पर हुई है, जबकि आरोपी सौतेले बेटे का नाम उदय कुमार है. गंभीर रूप से घायल श्रीधर को इलाज के लिए BGS अस्पताल ले जाया गया था. हालांकि, इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई. मामले में मदनायकनहल्ली पुलिस ने हत्या का केस दर्ज कर उदय कुमार को गिरफ्तार कर लिया है.

New Delhi

## पाकिस्तान में भारतीय दूतावास के पास से हटाए गए खंभे, भारत ने भी चला दिया बुलडोजर, लिया बदला

**नई दिल्ली, (एजेंसी) भारत और पाकिस्तान के बीच पहले से ही तनावपूर्ण रिश्ते हैं। इस बीच पाकिस्तान ने फिर कुछ ऐसा कर दिया जिससे भारत को 'जैस को तैसे' वाला जवाब देने पड़ा। नई दिल्ली में पाकिस्तान हाई कमीशन के बाहर बनी कुछ अनधिकृत संरचनाओं और अतिक्रमण को बुलडोजर चलाकर हटा दिया गया है। बताया जा रहा है कि ये ढांचे पाकिस्तानी मिशन के वीजा सेक्शन के पास थे और हाई कमीशन के तय परिसर की सीमा के बाहर बने हुए थे। संबंधित एजेंसियों ने कार्रवाई करते हुए इन्हें साफ कर दिया।**

WION की रिपोर्ट के मुताबिक, दिल्ली में हुई इस कार्रवाई को पाकिस्तान की ओर से इस्लामाबाद में भारतीय हाई कमीशन के बाहर की



गई हालिया कार्रवाई के जवाब के तौर पर देखा जा रहा है। कुछ दिन पहले पाकिस्तानी अधिकारियों ने भारतीय हाई कमीशन के बाहर लगे पार्किंग पोल हटा दिए थे। भारत और पाकिस्तान के रिश्तों में लंबे समय से चली आ रही तनातनी के बीच दोनों देशों की ओर से एक-दूसरे के खिलाफ इस तरह की प्रशासनिक कार्रवाई पहले भी होती रही है।

खेल

# अपने 600वें टेस्ट में जीता भारत गॉल में श्रीलंका को 165 रन से हराया

- **मानव ने दूसरी बार पारी में छह विकेट झटके**

**गॉल, (एजेंसी)** भारत ने गॉल में खेले गए पहले टेस्ट में 165 रन से जीत हासिल की है। यह भारत का 600वां टेस्ट था और शुभमन गिल की टीम ने इसमें जीत हासिल की। जीत के लिए मिले 372 रन के लक्ष्य के जवाब में श्रीलंका की दूसरी पारी 206 रन पर सिमट गई। मानव सुथार ने छह विकेट लिए। इस जीत के साथ टीम इंडिया दो मैचों की टेस्ट सीरीज में 1-0 से आगे हो गई है। सीरीज का दूसरा टेस्ट 23 अगस्त से कोलंबो में खेला जाएगा।

गॉल में दोनों टीमें टेस्ट में छह बार आमने-सामने आई हैं। इसमें से सभी छह मैचों के जीत या हार में नतीजे निकले हैं, यानी कोई टेस्ट ड्रॉ नहीं हुआ। भारत और श्रीलंका के बीच यहां छह



टेस्ट खेले गए और भारत ने तीन मैच जीते हैं और तीन गंवाए हैं। भारतीय टीम गॉल में इस टेस्ट से पहले श्रीलंका से पिछली बार जुलाई 2017 में भिड़ी थी। तब टीम इंडिया ने 304 रन से जीत हासिल की थी। यानी गॉल में भारत ने लगातार दूसरा टेस्ट जीता। 2014 के बाद से गॉल में खेले गए 28 टेस्ट मैचों में केवल एक ही मुकाबला ड्रॉ पर खत्म हुआ है, वह भी पिछले साल बांग्लादेश के खिलाफ खेला गया बारिश से प्रभावित टेस्ट था। यानी अन्य 27 टेस्ट के नतीजे हार-जीत में निकले हैं।

भारत ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए अपनी पहली पारी में 462 रन बनाए थे। जवाब में श्रीलंका की पहली पारी 284 रन पर सिमट गई थी। टीम इंडिया को दूसरी पारी में 178 रन की बढ़त हासिल थी। भारत ने अपनी दूसरी पारी में 193 रन बनाए और कुल 371 रन की बढ़त हासिल की और इस तरह श्रीलंका को 372 रन का लक्ष्य मिला था।

मानव ने मैच में कुल 10 विकेट लिए। पहली पारी में उन्होंने चार विकेट झटके थे। मानव ने इससे पहले अफगानिस्तान के खिलाफ जून में हुए टेस्ट में पहली पारी में 33 रन देकर छह विकेट झटके थे। हालांकि, गॉल में उनके शानदार प्रदर्शन के बावजूद देवदत्त पडिक्कल को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। पडिक्कल ने गॉल में पहली पारी में 167 रन बनाए और दूसरी पारी में 44 रन बनाए थे।

श्रीलंका की टीम ने पांचवें दिन चार विकेट पर 84 रन से आगे खेलना शुरू किया और 122 रन बनाने में बाकी के छह विकेट गंवा दिए।

कप्तान धनंजय डिसिल्वा और सोनल दिनुषा ने शानदार बल्लेबाजी की और पांचवें विकेट के लिए 95 रन की साझेदारी निभाई। धनंजय को रवींद्र जडेजा ने पवेलियन भेजा। वह सात चौके की मदद से 59 रन बनाकर आउट हुए।

सिनेमा

## 'धमाल 4' के डायरेक्टर इंद्र कुमार के खिलाफ FIR दर्ज, डिस्ट्रीब्यूटर ने लगाए करोड़ों की धोखाधड़ी के आरोप



'धमाल 4' के डायरेक्टर-प्रोड्यूसर इंद्र कुमार के खिलाफ FIR दर्ज हुई है। यह खबर ऐसे समय आई है, जब उनकी हालिया रिलीज 'धमाल 4' ने वर्ल्डवाइड 229.91 करोड़ का ग्रॉस कलेक्शन किया है। एक फिल्म डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी ने इंद्र कुमार के खिलाफ करोड़ों की धोखाधड़ी के संगीन आरोप लगाए हैं। आरोप फिल्म के राइट्स बेचने से जुड़े हैं, जिसमें कंपनी ने 1.50 करोड़ रुपये की कथित धोखाधड़ी का आरोप लगाया है। वहीं, इस मामले में प्रोड्यूसर अशोक ठकेरिया का नाम भी सामने आया है और पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। फिल्म 'धमाल' के डिस्ट्रीब्यूशन, डिजिटल और कॉपीराइट राइट्स बेचने के नाम पर कथित धोखाधड़ी के मामले में डायरेक्टर इंद्र कुमारऔर प्रोड्यूसर अशोक ठकेरिया के खिलाफ FIR दर्ज की गई है। अंधेरी वेस्ट स्थित फिल्म डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी 'ग्रैंड मास्टर' के मालिक 53 साल के विकास बलदेवराज साहनी ने आरोप लगाया है कि उनके साथ करीब 1.50 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी की गई। FIR के मुताबिक, 15 अक्टूबर 2019 को 'ग्रैंड मास्टर' और 'मारुति इंटरनेशनल' के बीच एक समझौता हुआ था। इसके तहत संजय दत्त, अरशद वारसी और रितेश देशमुख स्टारर 'धमाल' के वर्ल्डवाइड डिस्ट्रीब्यूशन राइट्स और कॉपीराइट 1.50 करोड़ रुपये में स्थायी तौर पर खरीदे गए थे।

## Highlights

1. T'gana minister's daughter calls CM Reddy 'arrogant', accuses his brother of land scam
2. Social media influencers may get up to ₹1 lakh/ video for making content on Bihar govt schemes
3. 10 schools shut in Uttarakhand amid rising stray dog attacks
4. Papa, your memories are my courage: Rahul Gandhi on father Rajiv Gandhi's 82nd birth anniversary
5. Ladakh groups give non-negotiable list to MHA, demand Assembly
6. Nursing students protest over degrees, exams & march to CM house in Bhopal, stopped
7. Rahul Gandhi's 'Chhatron Ki Goonj' event gets nod, Pune police set 30 conditions

# Why is SK Hynix buying back $28.61 billion in shares amid the AI boom?

**NEW DEIHI, (Agency).** SK Hynix said on Wednesday that it will buy back and cancel treasury shares worth 40 trillion won, or $28.61 billion. The South Korean chipmaker also said it will use more than 50% of its free cash flow from 2025 to 2027 to give more money back to shareholders.

SK Hynix shares fell nearly 10% on Wednesday before recovering some losses in post-market trading. The shares had reached a record high in June but have fallen since then. Investors have become worried about whether U.S. technology companies will continue spending heavily on artificial intelligence, according to Reuters.




SK Hynix shares fall

SK Hynix has benefited strongly from the AI boom because it makes memory chips used in AI systems. The company is a major supplier of high-bandwidth memory, or HBM, used in Nvidia's AI chips.

SK Hynix and Samsung Electronics are facing growing pressure from investors to return more of their extra cash through dividends and share buybacks. Both companies have made record profits because of strong demand for AI memory chips.



# नौकरी का झांसा देकर 11 लाख रुपए की ठगी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** भंवरकुआं थाना क्षेत्र में एविएशन सेक्टर में नौकरी दिलाने का झांसा देकर लाखों रुपए की धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। एक युवक ने अकादमी संचालक पर उससे 5 लाख रुपए और दो युवतियों से नौकरी लगवाने के नाम पर 3-3 लाख रुपए लेने का आरोप लगाया है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।




पुलिस के मुताबिक, भोलाराम उस्ताद मार्ग निवासी सौरभ ठाकुर ने बुधवार को शिकायत दर्ज कराई है। उसने बताया कि आनंद नगर स्थित श्री हरिगोपाल कॉम्प्लेक्स के ऑफिस नंबर 102 में संचालित ब्लू मून एविएशन एकेडमी के संचालक अमित कुमार सिन्हा ने एविएशन सेक्टर में नौकरी दिलाने के नाम पर उससे 5 लाख रुपए लिए, लेकिन नौकरी नहीं दिलाई। सौरभ ने बताया कि वह एयरपोर्ट पर ग्राउंड स्टाफ की नौकरी के लिए अकादमी में एडमिशन लेने पहुंचा था। उस समय अमित सिन्हा ने बताया कि नई बैच मार्च 2027 से शुरू होगी। इसके बाद सौरभ ने उसका मोबाइल नंबर ले लिया। दो दिन बाद उसने अमित को कॉल किया तो उसने बताया कि इंटरव्यू के लिए मुंबई जाना पड़ेगा। इसके लिए 2 लाख रुपए फीस बताई और ऑनलाइन राशि भेजने को कहा, ताकि उसका नाम आगे भेजा जा सके। काफी दिन तक अमित का कोई कॉल नहीं आया। इसके बाद सौरभ ने दोबारा संपर्क किया तो उसने दिल्ली आने और बिना इंटरव्यू के सीधे जॉइनिंग कराने की बात कही। इसके लिए 3 लाख रुपए मांगे गए। सौरभ ने ऑनलाइन 3 लाख रुपए भेज दिए, लेकिन इसके बाद भी जॉइनिंग के लिए कोई कॉल नहीं आया। करीब एक सप्ताह पहले सौरभ जब अकादमी के ऑफिस पहुंचा तो वहां उसे राज जोशी मिले। राज ने बताया कि उसकी मंगेतर तनु श्री मेहरा और उसकी मित्र साक्षी निखिलजे भी इसी तरह की धोखाधड़ी का शिकार हुई हैं। आरोप है कि तनु मेहरा से 3 लाख रुपए और साक्षी निखिलजे से भी 3 लाख रुपए एविएशन सेक्टर में नौकरी दिलाने के नाम पर लिए गए। इसके बाद सौरभ ठाकुर, राज जोशी और साक्षी निखिलजे भंवरकुआं थाने पहुंचे। तीनों ने अमित सिन्हा के खिलाफ कुल 11 लाख रुपए लेने की शिकायत की। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है।

# बेटे का वाहन किया पंचायत के काम में अटैच

## ● लोकायुक्त ने दर्ज किया तत्कालीन सरपंच-सचिव पर केस

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। इंदौर जिले की बांक पंचायत के तत्कालीन सरपंच और तत्कालीन सचिव के खिलाफ लोकायुक्त पुलिस ने पद का दुरुपयोग करते हुए भ्रष्टाचार करने के मामले में केस दर्ज किया है। तत्कालीन सचिव प्रहलाद नील ने अपने बेटे के वाहन (एमपी 10 जी 1435) को नियम विरुद्ध तरीके से ग्राम पंचायत बांक में अटैच किया है।**

इसके लिए किसी तरह के टेंडर नहीं निकाले गए। मामला तीन साल पुराना है, तब के सरपंच और सचिव ने अपने हस्ताक्षर से भुगतान का ठहराव प्रस्ताव तैयार कर बेटे के वाहन को सफाई आदि कार्य के लिए अटैच किया। हर महीने सरकारी कोष से किराए का भुगतान किया जा रहा था। इसकी शिकायत लोकायुक्त पुलिस तक पहुंची। अफसरों ने जांच में पाया कि वाहन को बिना टेंडर प्रक्रिया के तथा ग्राम सभा की अनुमति प्राप्त किए बगैर किराए से लगाया गया और नियमों के विपरीत जाकर भुगतान भी किया गया है। वाहन को मध्य प्रदेश पंचायती राज एवं ग्राम स्वराज अधिनियम, 1993 के अनुसार पंचायत निधियों के उपयोग में पारदर्शिता न रखते हुए तत्कालीन सचिव-सरपंच ने धीरज नील को अनुचित आर्थिक लाभ पहुंचाया है। इस मामले में पुलिस ने भ्रष्टाचार निवारण संशोधन अधिनियम, 2018 एवं भारतीय न्याय संहिता, 2023 की धारा 61(2) के तहत प्रहलाद नील (तत्कालीन सचिव ग्राम पंचायत बांक, इंदौर), लक्ष्मीबाई पति राधेश्याम चौहान (तत्कालीन सरपंच ग्राम पंचायत बांक, इंदौर) और तत्कालीन सचिव के बेटे धीरज नील पिता प्रहलाद नील के खिलाफ केस दर्ज किया है।

# साइबर फ्रॉड के लिए सिम मुहैया कराने वाले 3 गिरफ्तार



**इंदौर। क्राइम ब्रांच ने साइबर अपराधियों तक पहुंचने वाले फर्जी और संदिग्ध सिम कार्ड के नेटवर्क पर कार्रवाई की है। गृह मंत्रालय के I4C से मिली संदिग्ध POS धारकों और FAKE SIM USERS की सूची के आधार पर की गई जांच में चार संदिग्ध मोबाइल नंबर सामने आए।**

इन नंबरों से जुड़े सिम का इस्तेमाल महाराष्ट्र और पश्चिम बंगाल में हुए साइबर फ्रॉड में किया गया था। शिकायतों के मिलान में कुल 84 लाख 58 हजार 499 रुपए की धोखाधड़ी सामने आई है। क्राइम ब्रांच ने मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस अब यह पता लगाने में जुटी है कि इन सिम कार्ड को किन लोगों तक पहुंचाया गया और इनके पीछे साइबर फ्रॉड का कितना बड़ा नेटवर्क काम कर रहा है।

एडिशनल डीसीपी क्राइम ब्रांच राजेश दंडोतिया ने बताया कि राज्य साइबर पुलिस मुख्यालय भोपाल से मिली संदिग्धों की सूची की तस्दीक के दौरान क्राइम ब्रांच की टीम RAUT COLLECTION, यशवंत निवास रोड, मालवा मिल के पास पहुंची। जांच में दुकान संचालक राजेन्द्र राऊत (40) की भूमिका संदिग्ध मिली। जांच आगे बढ़ी तो दुकान से जुड़े चार संदिग्ध मोबाइल नंबर सामने आए। इन नंबरों से संबंधित सिम कार्ड के जारी होने और इस्तेमाल की पड़ताल की गई। इसी दौरान क्राइम ब्रांच को सिम उपलब्ध कराने वाले अन्य लोगों की भूमिका भी मिली। इस मामले में क्राइम ब्रांच ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने चारों संदिग्ध मोबाइल नंबरों से संबंधित जानकारी का NCRP Portal पर दर्ज शिकायतों से मिलान किया। जांच में सामने आया कि इन नंबरों से जुड़े सिम कार्ड का इस्तेमाल महाराष्ट्र और पश्चिम बंगाल में दर्ज साइबर फ्रॉड की शिकायतों में हुआ था। इन शिकायतों में कुल 84,58 लाख की धोखाधड़ी दर्ज होना पाया गया। इधर, क्राइम ब्रांच की जांच अभी जारी है। पूछताछ में सिम सप्लाई नेटवर्क और साइबर फ्रॉड से जुड़े अन्य आरोपियों के नाम सामने आने की संभावना है।

### ये तीन आरोपी हुए गिरफ्तार

राजेंद्र राऊत (40), निवासी स्वर्ण बाग कॉलोनी, विजय नगर, इंदौर।
आनंद वासरे (22), निवासी मालवा मिल, गोमा की फेल, इंदौर।
सूरज सिंह (24), निवासी पाटनीपुरा, नरसिंह की चाल, इंदौर।




स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667, मो.नं. 9826044334 ■ पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक